# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.4-1/2020-हिं.अ.

दिनांक: 01.07.2020

**विषय: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के तहत अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने संबंधी।**

संस्थान के दिनांक 04.02.2020 के आदेश सं. 4-1/2020-हिं.अ. द्वारा संस्थान के निम्नलिखित कर्मचारियों को फरवरी, 2020 से प्रारंभ हुए हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया था जिन्हें आर.के. पुरम स्थित हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र में व्यक्तिगत रूप से जाकर हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र बहल, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | परीक्षा अनुभाग |
| 2 | श्री प्रेमनाथ कुमार राठौर, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | परीक्षा अनुभाग |
| 3 | सुश्री प्रियंका पाण्डे, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | नर्सिंग कॉलेज |
| 4 | सुश्री मन्जु आनन्द, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग |
| 5 | श्री मंटू कुमार, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | स्था.अनु. (हृद् तंत्रिका केन्द्र) |
| 6 | श्री राहुल कुमार, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | स्थापना अनुभाग (नि.का.) |
| 7 | श्री जय प्रकाश मीणा, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान |
| 8 | श्री दिनेश कुमार-II, सुरक्षा-सह-अग्नि गार्ड | सुरक्षा विभाग |
| 9 | श्री कुन्दन सिंह रावत, कार्यालय परिचर | छात्रावास अनुभाग |
| 10 | श्री रविन्द्र कुमार, मसालची/बेयरर | कैफेटेरिया |
| 11 | सुश्री आरती, पशु गृह परिचर | पेंशन अनुभाग |

वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण के कारण उक्त हिंदी टंकण प्रशिक्षण की कक्षाएं बंद होने के कारण हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र के सहायक निदेशक श्री चरणजीत वर्मा द्वारा उपर्युक्त कर्मचारियों की सुविधा हेतु हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑनलाइन कक्षाएं चलायी जा रही हैं जिनकी सूचना आपको भी प्रेषित की गई थी लेकिन उनसे ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि संस्थान की ओर से नामित कर्मचारीगण उक्त ऑनलाइन कक्षाओं में नियमित रूप से भाग नहीं ले रहे हैं जिसके लिए संबंधित प्रशिक्षण केंद्र के सहायक निदेशक द्वारा ऐसे कर्मचारीगण को हिंदी टंकण प्रशिक्षण की कक्षा में अनुपस्थित दर्शाया जा सकता है।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
01 JUL 2020
समय / Time.....................
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

जारी-2/-

अत: उपर्युक्त को विचार में लेते हुए, संस्थान की ओर से हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित उपर्युक्त सभी कर्मचारीगण को यह निदेश दिया जाता है कि वे सहायक निदेशक (टंकण प्रशिक्षण) द्वारा संचालित ऑनलाइन कक्षाओं में अनिवार्य रूप से भाग लें अन्यथा कक्षा में अनुपस्थिति को कर्तव्य की अवहेलना माना जाएगा।

इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

01.7.2020

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**<u>वितरण:</u>** <u>सभी सम्बद्ध कर्मचारीगण</u>
**द्वारा:** संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र

**<u>प्रतिलिपि:</u>**

1. निदेशक/उप-निदेशक (प्रशा.) महोदय के निजी सचिव।
2. वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
3. मुख्य प्रशासन अधिकारी महोदय के वैयक्तिक सहायक।
4. उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

श्री संजय गुप्ता जी
कृपया वेबसाइट पर अपलोड करें।

2/7/2020

2/7/2020

02/07/2020